भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5164 का उत्तर

सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन का विस्तार

5164. श्रीमती केशरी देवी पटेलः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले में सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन के विस्तार हेतु कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव संबंधित कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो इसे कब तक करने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): जी हां। दो स्वीकृत चालू निर्माण कार्यों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

(i) सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन का सैटेलाइट रेलवे स्टेशन के रूप में विकास और

(ii) सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर 26 सवारी डिब्बों के लिए दो वॉशिंग गर्त लाइनों और स्थापन लाइनों की व्यवस्था।

(ख) से (घ): जी नहीं। परिचालनिक कठिनाइयों के कारण सूबेदारगंज स्टेशन पर अतिरिक्त गाड़ियों के ठहराव की व्यवस्था करना फिलहाल व्यावहारिक नहीं है।

****

mm